# यूपी के 21 स्टार्टअप आइडिया को एमएसएमई की मंजूरी

गजेंद्र पांडेय • जागरण

ग्रेटर नोएडाः छात्र तनिष्क के इलेक्ट्रोस्पिनिंग गन, प्रियांशु के ड्रोन एंबुलेंस और गौस अली के आइटी आधारित पशु स्वास्थ्य निगरानी प्रणाली के स्टार्टअप आइडिया समेत प्रदेश के 21 आइडिया को एमएसएमई की मंजूरी मिली है। इन सभी छात्रों के आइडिया को व्यावसायिक स्टार्टअप में बदलने के लिए एमएसएमई 15-15 लाख रुपये की आर्थिक मदद देगा। एमएसएमई दिवस पर 27 जून को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आइडिया हैकाथान 4.0 के स्टार्टअप आइडिया के परिणाम घोषित किए गए। इसमें देशभर से चयनित 488 स्टार्टअप आइडिया में से 21 उत्तर प्रदेश के शामिल हैं।

- आइडिया को व्यावसायिक स्टार्टअप में बदलने को विभाग देगा 15 लाख आर्थिक मदद
- एमएसएमई दिवस पर आइडिया हैकाथान 4.0 के स्टार्टअप आइडिया के परिणाम घोषित

## जानिए, तीनों छात्रों का क्या है स्टार्टअप आइडिया

लायड के छात्र गौस अली के आइडिया शीर्षक : बुक्सा जनजाति के लिए आइटी आधारित पशु स्वास्थ्य निगरानी प्रणाली की स्थापना करना है। तनिष्क का आइडिया शीर्षक : एक इलेक्ट्रोस्पिनिंग गन जो बहुउद्देश्यीय उपयोग के लिए फाइबर तैयार करने में प्रयोग की जाती है ( जैसे जलन के घाव, आंतरिक सर्जरी आदि )। प्रियांशु का आइडिया शीर्षक : ड्रोन एंबुलेंस जिसमें कृषि ड्रोन और मृदा परीक्षण उपकरण एकीकृत हैं, जो कृषि क्षेत्र में त्वरित प्रतिक्रिया में सहायक होगी।

एमएसएमई दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और केंद्रीय एमएसएमई जीतनराम मांझी की मौजूदगी में आइडिया हैकाथान 4.0 के परिणाम घोषित किए गए थे। योजना के तहत देशभर से 488 छात्रों के स्टार्टअप्स आइडिया को चयनित किया गया था। जिसमें आइआइटी, एनआइटी, केंद्रीय विश्वविद्यालयों, प्राइवेट कालेजों के विद्यार्थियों के स्टार्टअप आइडिया का चयन किया गया था। योजना में चयनित छात्रों के आइडिया के स्टार्टअप के लिए एमएसएमई मंत्रालय 15 लाख रुपये तक की मदद करेगा। प्रदेश के जिन छात्रों के स्टार्टअप आइडिया का चयन किया गया। उसमें ग्रेटर नोएडा के लायड इंजीनियरिंग कालेज के बीटेक के छात्र तनिष्क, प्रियांशु और गौसअली के आइडिया स्टार्टअप भी शामिल हैं। लायड के निदेशक डा. राजीव अग्रवाल ने इस उपलब्धि को छात्रों को करियर संवारने के लिए सुनहरा अवसर बताया है। सीईओ डा. एसपी द्विवेदी ने बताया वह छात्रों की लगन और मेहनत का फल है।

**21 में से 12 स्टार्टअप आइडिया गौतमबुद्ध नगर के संस्थानों के छात्रों के:** लायड इंस्टिट्यूट आफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलाजी के तीन, एबीईएस इंजीनियरिंग कालेज का एक, बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी के तीन, जेएल बजाज इंस्टिट्यूट आफ टेक्नोलाजी एंड मैनेजमेंट का एक, गौतमबुद्ध यूनिवर्सिटी के दो, ग्रेटर नोएडा इंस्टिट्यूट आफ टेक्नोलाजी इंजीनियरिंग इंस्टिट्यूट का एक, आइटीएस इंजीनियरिंग कालेज के दो, आइआइएमटी यूनिवर्सिटी मेरठ के दो, मुरादाबाद इंस्टिट्यूट आफ टेक्नोलाजी का एक, प्रणवीर सिंह इंस्टिट्यूट आफ टेक्नोलाजी का एक, शारदा यूनिवर्सिटी के दो, टेक्नोलाजी बिजनेस इनक्यूबेटर केआइईटी ग्रुप आफ इंस्टिट्यूशंस का एक और यूपी इंस्टिट्यूट आफ डिजाइन नोएडा के एक स्टार्टअप आइडिया का चयन किया गया है।